द बैनर 03/11/2026

सीएसए में राष्ट्रवाद संग साइबर सुरक्षा की सीख



कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम के तहत नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में रिटायर्ड कर्नल मयंक चौबे और एडीसीपी साउथ अरीबा नोमान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कर्नल चौबे ने विकसित भारत-2047, ऑपरेशन सिंदूर और वैश्विक पटल पर भारत के बढ़ते प्रभाव पर विचार रखे। वहीं, एडीसीपी अरीबा नोमान ने साइबर ठगी से बचाव के लिए टू-स्टेप वेरिफिकेशन, टैफकॉप प्लेटफॉर्म, साइबर हेल्पलाइन 1930 और महिला हेल्पलाइन 1090 की जानकारी दी। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने विद्यार्थियों को अनुशासन और समर्पण के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए योगाभ्यास और खेलकूद गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।

स्वतंत्र चेतना 03/11/2026

सीएसए में साइबर सुरक्षा को लेकर हुई कार्यशाला

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम के तहत नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा और राष्ट्र निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में रिटायर्ड कर्नल मयंक चौबे और एडीसीपी साउथ अरीबा नोमान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कर्नल चौबे ने विकसित भारत-2047, ऑपरेशन सिंदूर और वैश्विक पटल पर भारत के बढ़ते प्रभाव पर विचार रखे। वहीं, एडीसीपी अरीबा नोमान ने साइबर ठगी से बचाव के लिए टू-स्टेप वेरिफिकेशन, टैफकॉप प्लेटफॉर्म, साइबर हेल्पलाइन 1930 और महिला हेल्पलाइन 1090 की जानकारी दी। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने विद्यार्थियों को अनुशासन और समर्पण के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए योगाभ्यास और खेलकूद गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।



राष्ट्रीय स्वरूप
03/11/2026

नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा पर दी गई विविध जानकारियां

कानपुर । सीएसए के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन एवं कृषि एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. कौशल कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर रिटायर्ड कर्नल मयंक चौबे तथा कानपुर साउथ जोन की एडीसीपी, मिस अरीबा नोमान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम में कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने रिटायर्ड कर्नल मयंक चौबे तथा एडीसीपी, मिस अरीबा नोमान को पुष्पगुच्छ एवं शॉल दे कर सम्मानित किया।डॉ. कौशल कुमार ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन एवं समर्पण के साथ अध्ययन करने का संदेश दिया। रि. कर्नल मयंक चौबे ने बच्चों विकसित भारत 2047, ऑपरेशन सिंदूर, विश्व में भारत के बढ़ते प्रभाव समेत 1954 के गेहूं के किस्म क्र408 तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा किया। जय जवान जय किसान के नारे के उद्घोष के साथ शुरू हुआ यह वार्तालाप अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने भारत को विश्वगुरु कहते हुए सोलर मामा नाम से संचालित एक प्लेटफॉर्म की भी चर्चा की जिसके अंतर्गत अफ्रीका महाद्वीप के महिलाओं को सौर ऊर्जा के उपयोग का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। बदलते भारत के समक्ष नित नयी चुनौतियों का जिक्र करते हुए कानपुर, साउथ जोन की एडीसीपी मिस अरीबा नोमान ने बच्चों से साइबर सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा किया। साइबर ठगो से बचने के तरीकों पर बच्चों को जागरूक किया। इसमें उन्होंने बच्चों को 2 स्टेप वेरिफिकेशन, टैफकॉप प्लेटफॉर्म, साइबर हेल्प लाइन 1930, महिला हेल्प लाइन 1090, मिशन शक्ति समेत अन्य बचाव के तरीकों पर बच्चों को जागरूक किया ।कार्यक्रम का संचालन बीएससी (कृषि) प्रथम सेमेस्टर की छात्रा यशी श्रीवास्तव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन दिशा पटेल ने प्रस्तुत किया।



इस अवसर पर डॉ. कौशल कुमार, डॉ. विजय कुमार यादव, डॉ. यू.एन. शुक्ला, डॉ. विशाल सिंह, डॉ. विनीत धीर, डॉ. शाजिया कादरी, डॉ. सूर्यांश वाजपेयी सहित अन्य शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।दीक्षारंभ कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिदिन प्रात:काल योगाभ्यास एवं सायंकाल खेलकूद गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। श्री अदनान खान (योग एवं खेलकूद शिक्षक) एवं डॉ. हरिशंकर कोइरी की देखरेख में आयोजित इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, अनुशासन, टीम भावना और सहयोग की भावना विकसित की जा रही है।